Dr. Bhimrao Ambedkar University, Agra

A State University of Uttar Pradesh (Formerly: Agra University, Agra)

www.dbrau.ac.in

University Community Radio MoU with SMART (NGO)

MoU between SMART (NGO) and University Community Radio and Project topic was “**Awareness on Tuberculosis, Covid Vaccination and Maternal child health & Nutrition**”

University Radio Team sharing information in outreach activity about Tuberculosis and CAB awareness with TB Dept. Agra at Kabristan Basti, Panchkuiya, Agra

विवि के रेडियो द्वारा चलाया जाएगा टीबी चैलेंज अभियान

भास्कर ब्यूरो

आगरा। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान 2025 को अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने के लिए डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के सामुदायिक रेडियो 90.4 आगरा की आवाज (स्मार्ट संस्था के साथ) और स्वास्थ्य विभाग आगरा का टीबी विभाग सयुक्त रूप से कार्य कर रहे हैं। सामुदायिक रेडियो की कार्यक्रम अधिकारी और विश्विद्यालय की जनसंपर्क अधिकारी पूजा सक्सेना और रेडियो इंजीनियर तरुण श्रीवास्तव कुलपति के निर्देशन में और मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सहयोग से लगातार कई वर्षों से आगरा स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर चाहे कोविड हो, टीबी, नियमित

टीकाकरण या पोषण सभी विषयों पर समाज मे स्वास्थ्य के प्रति लोगो को जागरूक और सचेत करने का कार्य कर रहे हैं। साथ ही जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ सी एल यादव के आदेशानुसार सामुदायिक रेडियो द्वारा टीबी उन्मूलन पर बनाए गए विभिन्न वीडियो कार्यक्रमों को भी सार्वजनिक स्थलों पर और तहसील दिवस पर स्क्रीन के माध्यम से दर्शाया जाएगा। इसके साथ ही अब रेडियो और टीबी विभाग मिलकर तैयारी कर रहा है ज्यादा से ज्यादा टीबी मरीजो के लिए समाज के लोग निक्षय मित्र बनकर आगे आएं। जिसके चलते विश्विद्यालय रेडियो ने भी पहल की और समाज के लोगो के साथ साथ विश्विद्यालय शिक्षकों द्वारा भी 105 महिला टीबी मरीजों को गोद लेने की तैयारी पूरी हो चुकी है।